दैनिक जागरण
रीवा, 22 जनवरी, 2026
www.dainikjagranmpcg.com

# रीवा जागरण

03

शहर का तापमान/मौसम
अधिकतम 26.0°c न्यूनतम 8.0°c
जिले भर में मौसम शुष्क रहने के साथ शीतलहर के आसार

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

## गणतंत्र दिवस में सम्मानित होंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा वीर नारियाँ

**रीवा।** गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह एसएएफ परेड मैदान में 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान किया जाएगा। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों, सैन्य अधिकारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सभी एसडीएम गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें एवं अधिक आयु अथवा स्वास्थ्य कारणों से जो समारोह में शामिल न हो सकें उन्हें घर पर जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित करें।




## लोधी में बिना लीज के व्यापक पैमाने पर हो रहा पत्थर पटिया का अवैध उत्खनन



### शासन को मिलने वाले राजस्व का हो रहा नुकसान

**जागरण, रीवा।** नवीन मऊगंज जिला के ग्राम ग्राम लोधी क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर पत्थर पटिया का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इस अवैध उत्खनन को रोकने वाला कोई नहीं है। जिला खनिज अधिकारी से शिकायत की गई तो उन्होंने कहा कि वे कैसे रोक सकते हैं। उनके रवैये से लगता है कि खनिज माफिया उन पर भारी पड़ रहा है। इस अवैध उत्खनन से शासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। इसकी शिकायत बीके माला एडवोकेट रीवा द्वारा कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी मऊगंज से की गई है। शिकायत में बताया है कि नवीन मऊगंज जिला के ग्राम ग्राम लोधी क्षेत्र अंतर्गत वैधानिक तरीके से बिना लीज क्षेत्र के खनिज माफिया द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है तथा वैधानिक ब्लास्टिंग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। एनजीटी के नियमों के विपरीत जाकर तथा पर्यावरण प्रदूषण अधिनियम की विपरीत कार्य किया जा रहा है। इसकी लिखित शिकायत कमिश्नर रीवा संभाग रीवा कलेक्टर मऊगंज से की गई है। इसके उपरांत भी खनिज माफिया के इतने हौसले बुलंद हैं कि लगातार मऊगंज की कई क्षेत्रों में वैधानिक उत्खनन पर्यावरण प्रदूषण के मानकों के विपरीत कार्य किया जा रहे हैं।

### रीवा में पट्टाधारी अधिकारियों का कब्जा, नहीं लग सकती लगाम

**रीवा।** मऊगंज की तरह रीवा में अंधाधुध अवैध उत्खनन हो रहा है। दिनभर गिट्टी भरे ओवर लोड ट्रेलर दौड़ते हैं। अधिकांश तो ग्रामीण सड़कों से यूपी जा रहे हैं लेकिन खनिज विभाग मौन है। इसकी वजह यहां पट्टाधारी अधिकारियों को पिछले एक दशक से एक ही स्थान पर जमा होना है। इनका इतना कॉकस के बाहर से आने वाला ईमानदार खनिज अधिकारी टिकने ही नहीं पाता। यहां एक खनिज इंस्पेंक्टर आरती सिंह वह रीवा के पटेल नेताओं के साथ सतना सांसद की रिस्तेदार बनकर पिछले 7-8 साल से यहीं काबिज हैं। इसके पहले यह मऊगंज में पदस्थ थीं। इनके कार्यकाल दौरान मऊगंज में जिस खदान के उत्खनन की लीज स्वीकृत करायी गई उनमें उत्खनन तो नहीं हुआ लेकिन वन भूमि की सारी जमीन खोखली कर दी गई। खनिज माफियाओं का वहां अब एक बड़ा साम्राज्य स्थापित हो गया यही कारण है कि मऊगंज का जिला खनिज अधिकारी अवैध उत्खनन पर रोक लगाने में असमर्थता जाहिर की है। यहां दूसरे अधिकारी ड्राप्स मैन वीर सिंह हैं। वह हैं तो संभाग से बाहर के लेकिन रीवा के खनिज में उनकी आखें 10-12 साल से गड़ी हैं। बनकुंइयां क्षेत्र बहुत कुछ अच्छा कर दिया हैं जो बचा था अब आरती सिंह पूरा कर रही हैं। श्री सिंह अब टमस के बालू और पहाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा में लग गए हैं। टमस के सफाई अभियान के साथ पहाड़ों में कई सरोवर कुछ दिनों में देखने को मिल सकता है। जिला खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी हैं। वह वास्तव में अपनी डियूटी के प्रति बहुत ही गंभीर हैं। कई मामलों में बहुत दयावान हैं। छोटे-मोटे गिट्टी पत्थर का कारोबार करने वाले कारोबारियों के खिलाफ भले कार्रवाई करें लेकिन बड़ों पर हाथ नहीं लगाती। शायद यही कारण है कि कलेक्टर मैडम से भी नजदीकी है। जिसे भरोसा न हो तो वह पड़ोसी जिले सीधी में जाकर पूछ ले इसके पहले वह सीधी में थी। रेत माफिया सोनघड़ियाल तक बालू निकाल लेते थे अब नहीं निकाल पा रहे।

# हाईकोर्ट में जवाबदावा प्रस्तुत नहीं करने पर जेडी नगरीय प्रशासन राधेश्याम मण्डलोई निलंबित

### संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल रहेगा मण्डलोई का मुख्यालय



जागरण, रीवा

हाईकोर्ट जबलपुर के निर्देशों का लगातार उल्लंघन करने के आरोप में राधेश्याम मण्डलोई संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास संभाग को आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही हाईकोर्ट के निर्देश पर की गई है। 21 जनवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि राधेश्याम मण्डलोई संयुक्त संचालक (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) नगरीय प्रशासन एवं विकास संभाग-नर्मदापुरम द्वारा किया गया उक्त कृत्य उनका अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का परिचायक है। इसके साथ ही उनका उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी के अंतर्गत आता है। उक्त कृत्य के दृष्टिगत मध्यप्रदेश नगर पालिका सेवा (कार्यपालन) नियम, 1973 के नियम 36 (1) में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत राधेश्याम मण्डलोई को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री मण्डलोई का मुख्यालय संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश, भोपाल रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। श्री मंण्डलोई वर्तमान में नर्मदापुरम में पदस्थ है लेकिन जब वे रीवा में पदस्थ थे तो यहां भी उनके कारनामे काफी चर्चा में रहे हैं। संचालनालय के पत्र क्रमांक शि./6/वि.स/मुलताई/2024/1275 दिनांक 15.01.2026 द्वारा श्री मण्डलोई को यह निर्देशित किया गया था कि उक्त रिट याचिका में 16 जनवरी 26 को महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर में उपस्थित होकर शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से जवाबदावा तैयार कराया जाकर उच्च न्यायालय के समक्ष अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जवाबदावे की एक प्रति संचालनालय को प्रेषित करें परन्तु इसके उपरांत भी श्री मण्डलोई द्वारा उक्त रिट याचिका में आज दिनांक तक जवाबदावा प्रस्तुत नहीं किया गया जो अत्यंत ही खेदजनक एवं संचालनालय के निर्देशों की स्पष्ट अव्हेलना है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश क्रमांक न्या.प्र./ 12/2025/ 2804 दिनांक 09.07.2025 द्वारा रिट याचिका क्रमांक 23618/2025 दुर्गा सिंह चंदेल विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य में राधेश्याम मण्डलोई संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास संभाग-नर्मदापुरम को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है परन्तु श्री मण्डलोई द्वारा उक्त रिट याचिका में आज दिनांक तक उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष जवाबदावा प्रस्तुत नहीं किया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा उक्त रिट याचिका में 19 अगस्त 25 को सुनवाई करते हुए निर्देश दिए गए थे कि चार सप्ताह में जवाबदावा प्रस्तुत किया गया जाय जिससे 22 सितंबर को सुनवाई की जा सके। इसी प्रकार उच्च न्यायालय द्वारा उक्त रिट याचिका में 10 नवंबर 25 को सुनवाई करते हुए तीन सप्ताह का समय और देते हुए एक दिसंबर 25 सुनवाई की तारीख तय की गई। इसके पश्चात् उच्च न्यायालय द्वारा उक्त रिट याचिका में 04. दिसंबर 25 को सुनवाई करते हुए निर्देश दिए गए थे कि 15 जनवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर श्री मण्डलोई बताये कि जवावदावा प्रस्तुत क्यो नहीं किया जा सका। उच्च न्यायालय द्वारा 04. दिसंबर 25 को दिए गए निर्देश में यह स्पष्ट किया गया था कि यदि 15 जनवरी 26 को जवाबदावा प्रस्तुत नहीं किया गया, तो प्रतिवादी क्रमांक 3 अर्थात् अधोहस्ताक्षरकर्ता को उच्च न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विलंब का कारण स्पष्ट करना होगा। उल्लेखनीय है कि 15. जनवरी 26 को सुनवाई में भी राधेश्याम मण्डलोई संयुक्त संचालक/प्रभारी अधिकारी द्वारा जवाबदावा प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके कारण उच्च न्यायालय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई थी। जबकि उक्त प्रकरण में विभाग द्वारा विधि अनुसार कार्यवाही की गई है।

## गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, 10 घायल



### प्रयागराज के सुखपाल नगर में हुए हादसे का शिकार

**जागरण, रीवा।** खटखरी से माघ मेले में प्रयागराज गंगा स्नान करने गए श्रद्धालु लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। एसयूवी कार की बेकाबू ट्रक की टक्कर से सुखपाल नगर बायपास के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में घायल कार सवार लोगों की चीख पुकार मच गई। बताया गया कि हादसे में कार सवार 10 महिला पुरुष घायल हुए हैं, जिन्हे प्रयागराज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक खटखरी के रहने वाले गुप्ता परिवार के लोग एसयूवी कार से गंगा स्नान करने प्रयागराज संगम तट गए थे। मंगलवार की देर रात लौटते समय कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित सुखपाल नगर बायपास के पास ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित कार सड़क किनारे पलट गई। घटना की सूचना के बाद कोतवाली देहात पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों की टीम ने घायल मरीजों को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। घटना की जानकारी पर प्रशासनिक अफसरों के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। खटखरी में रहने वाले गुप्ता परिवार के महिला और पुरुषों के साथ साथ बच्चे भी घायलों में शामिल हैं। फिलहाल सभी का उपचार जारी है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## छोटी पुल के डंजर जोन पर पत्थर रख की इतिश्री



**रीवा।** छोटी पुल के छोर पर स्थित डेंजर जोन के किनारे पत्थर जमाकर जिम्मेदारों ने इतिश्री कर ली है। जिसके चलते यहां अभी भी बड़े वाहनों के साथ ही भारी वाहनों के लिए अभी भी खतरा बरकरार है। लंबे समय से यह डेंजर जोन बिना सपोर्ट के था, जिसके अब तक कई लोग शिकार होकर अपनी जान गवां चुके हैं या फिर निःशक्त होकर बैठे हैं। डेजर जोन में सपोर्टिंग वॉल बनाने की बजाय जिम्मेदारों ने कहीं से निकाले गए पत्थर यहां लाकर जमा कर औपचारिकता निभा दी है।

ज्ञातव्य है कि इस मार्ग पर चौबीस घंटे आवागमन बहाल रहता है, खासकर रात के समय टोल टैक्स बचाने की गरज से कई भारी वाहन इसी मार्ग को चुनते हैंऔर तेज गति से चलते हैं। पिछले सप्ताह ही अंधगति से जा रहा वाहन डिवाइडर से टकरा गया था, जिससे डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया वहीं वाहन में भी काफी नुकसान हुआ, चालक, खलासी को भी चोट लगी थी। डिवाइडर अभी टूटा पड़ा है। यदि तेज रफ्तार वाहन डेंजर जोन में जमाए गए पत्थरों से टकराता है तो पत्थरों के साथ नीचे खाई में जा गिरेगा।

## हत्या के प्रयास का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

**जागरण, रीवा।** समान थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को शहर में जुलूस निकला गया जिसके बाद न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेजा गया है। आरोपी सोशल मीडिया में भी अपने आप को डॉन साबित करने कई वीडियो बनाकर वायरल किये था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर 12 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी के आरोपी विकास दुबे को गिरफ्तार किा है। आरोपी पर हत्या का प्रयास सहित कई आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। बताया गया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस को निरंतर अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने की सूचना मिल रही थी जिसे पकड़ने के लिए पुलिस अधिकारियों ने जाल बिछाया और वह समान थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## नियमों का ताक पर रखकर चल रहे स्कूली वाहनों पर कार्रवाई

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। एसडीओपी शचि पाठक और यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्कूल बसों और शैक्षणिक वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिले में संचालित स्कूल बसों व अन्य शैक्षणिक वाहनों की सुरक्षा मानकों के अनुरूप बारीकी से पड़ताल की गई। मऊगंज एसडीओपी सचि पाठक ने छोटे बच्चों से भी बात की बच्चों को चॉकलेट भी बांटे। जांच टीम ने वाहनों की फिटनेस सहित सभी आवश्यक बिंदुओं की गहन जांच की। जिन वाहनों में कमियां पाई गईं, उनके चालकों को कड़ी समझाइश देते हुए चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन ने दो टूक कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। नियमों की अनदेखी करने वालों पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सुरक्षा व्यवस्था के बिना रीवा रेलवे स्टेशन

### पहले रहता था पुलिस बल, अब अधिकारी जता रहे कर्मचारियों की कमी



**जागरण, रीवा।** रीवा रेले स्टेशन इन दिनों सुरक्षा व्यवस्था के बिना है, जिसका लाभ यहां के असामाजिक तत्वों के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले उठा रहे हैं। कुछ समय पूर्व यहां की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहता था, किन्तु कुछ समय से यहां से पुलिस बल हटा दिया गया। जिसके लिए रेलवे के वरिष्ठों ने मांग की तो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टाफ की कमी बताकर पल्ला झाड़ लिया, जिसके चलते रेलवे की सुरक्षा वर्तमान में भगवान भरोसे है।

रेलवे स्टेशन में ट्रेन आनेके समय यहां आने वाले ऑटो चालकों सहित अन्य वाहन चालक मनमाने तरीके से अपने वाहन पार्क कर अंदर चले जाते हैं अथवा गायब हो जाते हैं, जिसके चलते यहां आने वाले अन्य वाहन चालकों को खासी परेशानी होती है, पुलिस की गैरमोजूदगी में रेलवे स्टेशन में असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा होने लगा है, जो यहां नशाखोरी करने कें साथ ही यहां आने वाली महिला, युवतियों पर भी अश्लील फब्तियां कसते देखे जा सकते हैं। कुछ समय पूर्व यहां मारपीट की घटना केसाथ ही राहजनी की भी घटना घट चुकी है, लेकिन इसके बाद भी यहां पर पुलिस बल की तैनाती नहीं की गई। दिन में तो काफी लोग रेलवे स्टेशन में मौजूद रहते हैं, लेकिन रात के समय यहां आने वाले व यहां से जाने वाली यात्री असुरक्षित हैं।

> पहले यहां पुलिस बल तैनात रहता था जो यहां वाले वाहनों को व्यवस्थित करवाने के साथ ही यहां की सुरक्षा भी देखता था, लेकिन बाद में पुलिस बल हटा लिया गया। हमने मांग भी की, लेकिन हमें स्टॉफ की कमी बता दी गई।
> **सत्येन्द्र सिंह बघेल, रेलवे प्रबंधक**

## विशालकाय अजगर से रहवासी भयभीत



### घोघर में स्थित कब्रिस्तान में अजगर ने डाला डेरा

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के घोघर कब्रिस्तान में इन दिनों विशालकाय अजगर से आसपास के लोग भयभीत है। बताया जा रहा है कि कब्रिस्तान में विशालकाय अजगर कई दिनों से देखा जा रहा है, जो कभी झाड़ियों के बीच नजर आता है तो कभी गड्ढानुमा कब्र के भीतर। स्थानीय लोगों की मानें तो अजगर सांप करीब 20 फिट लंबा है जो देखने में ही काफी डरावना है, और उसका खतरा हर वक्त बना रहता है। हालांकि इसकी सूचना वन विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक रेस्क्यू ना होने से विशालकाय अजगर सांप की दहशत बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि कब्रिस्तान के बीच एक बस्ती भी बसी हुई है, जहां छोटे छोटे बच्चों की चहलकदमी दिनभर बनी रहती है, ऐसे में कब्रिस्तान के भीतर बड़ी घटना की आशंका भी बनी रहती है। कब्रिस्तान में सक्रिय अजगर सांप का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें विशालकाय अजगर झाड़ियों के बीच कुंडली मारकर धूप सेंकता नजर आ रहा है, वहीं दूसरे वीडियो में लोगों की आहट मिलते ही अजगर कब्र के भीतर घुसता नजर आ रहा है।

## चोरहटा पुलिस का एक्शन : कूरियर के माध्यम से पहुंची 2 लाख रुपए की 26 हजार नग नशीली कैप्सूल, 2 गिरफ्तार



**जागरण, रीवा।** चोरहटा पुलिस ने नशे के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत नशीली कैप्सूल और टेबलेट के साथ दो आरोपियों को बोलेरो वाहन के साथ पकड़ा है। कूरियर के माध्यम से नशीली कैप्सूल व टैबलेट की तस्करी चल रही थी जिसका पुलिस ने पर्दाफाश कर बोलेरो वाहन में 26005 नग नशीली कैप्सूल व टेबलेट के साथ 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई नशीली सामग्री की कीमत 2 लाख 7 हजार रुपए बताई गई है। चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत रविवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर करहिया नंबर 01 इमली चौराहा के पास सिल्वर कलर की बोलेरो सहित दो युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके से आरोपी सरजीत कुशवाहा उर्फ राजेश पिता सुदर्शन कुशवाहा 35 वर्ष निवासी ग्राम अमवा हाल करहिया नंबर 01 थाना चोरहटा एवं मयंक कुशवाहा पिता रामदीन कुशवाहा 28 वर्ष निवासी किटवरिया रीवा हाल करहिया नंबर 01 थाना चोरहटा के कब्जे से कुल 26005 नग नशीली टैबलेट जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। बड़ी सफलता प्राप्त की है, जिसकी कुल कीमती 02 लाख 07 हजार 435 रुपये है जिसको जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

### लंबे समय से मेडिकल नशा की चल रही थी तस्करी

चोरहटा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपी सरजीत कुशवाहा का भाई कुलदीप कुशवाहा भी पूर्व में नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा गया था। आरोपी लंबे समय से मेडिकल नशे का कारोबार कर रहे थे, फिलहाल अब उसके भाई को भी नशीली टेबलेट और कैप्सूल के साथ पुलिस ने धर दबोचा है।

# प्लाटूनों ने कदमताल करते पूर्ण निष्ठा से दी सलामी

### पीटीएस में एडीजी (प्रशिक्षण) किया परेड का निरीक्षण



**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह ने पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा का दो दिवसीय निरीक्षण किया। दूसरे दिन 93वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने एडीजी के समक्ष शानदार परेड प्रस्तुत की। रक्षित घोष के कुशल नेतृत्व में आठ प्लाटूनों ने मंच के समक्ष कदमताल करते पूर्ण निष्ठा से सलामी दी, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली रही। परेड की सलामी ग्रहण करने के बाद एडीजी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उनके अनुशासन, समन्वय एवं उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने पासिंग आउट परेड तक इसे और निखारने की शुभकामनाएँ दीं तथा एक आदर्श पुलिस अधिकारी बनने का प्रेरणादायी आह्वान किया। इस दौरान विशेषतः साइबर सुपर कॉप के रूप में भविष्य के डिजिटल अपराधों की रोकथाम एवं विवेचना हेतु गहन प्रशिक्षण, इंटेंस वर्कआउट से शारीरिक सुदृढ़ता, कबड्डी-खो-खो जैसे खेलों से चुस्ती-दुरुस्ती, तथा दैनिक ध्यान, योग, रामचरितमानस एवं गीता पाठ से आध्यात्मिक एवं नैतिक उत्थान की सलाह दी। पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक एवं इंडोर-आउटडोर स्टाफ द्वारा प्रदान किए जा रहे उत्कृष्ट प्रशिक्षण की भी सराहना की। पुलिस अधीक्षक द्वारा एडीजी को भ्रमण कार्यक्रम की स्मृति शेष हेतु स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात एडीजी ने क्वार्टर गार्ड में सलामी उसका निरीक्षण किया तथा शास्त्रगार में विभिन्न शस्त्रों का निरीक्षण किया।

# विंध्य संविदाकार संघ ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

### भुगतान लंबित रहने से आर्थिक संकट का सामना कर रहे छोटे और मध्यम संविदाकार



**जागरण, रीवा।** विंध्य संविदाकार संघ द्वारा लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र रीवा के मुख्य अभियंता को विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने निर्माण कार्यों में हो रही गुणवत्ता जांच, भुगतान प्रक्रिया और निविदा शर्तों को लेकर आपत्तियां दर्ज कराईं हैं। विंध्य संविदाकार संघ का कहना है कि शासन की नीति के अनुसार स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता जांच होने के बाद भी संविदाकारों को पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है। बजट आवंटन के अभाव में भुगतान लंबित रहते हैं, जिससे छोटे और मध्यम संविदाकार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। गुणवत्ता परीक्षण के बाद भोपाल से गठित टीम द्वारा पुनः उसी स्तर की जांच को संविदाकारों के उत्पीड़न का प्रयास बताते हुए संघ ने इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। संघ ने सभी निविदाओं में प्राइस वेरिएशन का प्रावधान, मशीनरी की आयु के बजाय फिटनेस के आधार पर उपयोग, समयबद्ध भुगतान, रॉयल्टी कटौती शासकीय दरों पर करने और जल जीवन मिशन के तहत सड़कों की खोदाई से हो रहे नुकसान पर रोक लगाने जैसी प्रमुख मांगें रखीं हैं। संघ ने यह भी मांग की है कि भूमि आवंटन के बिना निविदा न बुलाई जाए और विभाग संविदाकारों के साथ नियमित बैठक एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर समस्याओं का निराकरण करें।

## जनभागीदारी से बदलती तस्वीर, शिविरों के जरिए जनता से सीधा संवाद

# मूलभूत सुविधाओं पर रहा सटीक फोकस सड़क, नाली और जल परियोजनाओं में तेजी

### श्मसान घाट से रानी तालाब तक सिरमौर में विकास का नया अध्याय

**सिरमौर।** सिरमौर की मौजूदा नगर परिषद ने तीन साल 6 महीने का अपना कार्यकाल पूर्ण कर आगे की ओर अग्रसर है। नगर परिषद का साढ़े तीन साल का यह कार्यकाल विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से भी बेमिसाल रहा। सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक युवराज दिव्यराज सिंह के सहयोग से और उपाध्यक्ष विजय सोनी समस्त पार्षदगणों के मार्गदर्शन पुर्व सीएमओ डीएल तिवरे, डॉ. एसबी सिद्धिकी, पूर्व उपयंत्री प्रिया शुक्ला एवं वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह, इंजिनियर पीयूष सिंह, सहायक उपयंत्री आशुतोष द्विवेदी सहित नगर परिषद के सहयोगी अधिकारी कर्मचारियो के सहयोग एवं सिरमौर नगर वासियों से मिले सुझावों से नगर परिषद ने नगर विकास की एक नई इबारत लिख डाली है। जो आने वाले समय में आप सबको दिखाई देगी । सिरमौर नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि नगर परिषद सिरमौर के समस्त पार्षदगणों के सहयोग से 42 महिनों में परिषद एवं पीआईसी की बैठकों में हमने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जो भविष्य में सिरमौर नगर के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। सिरमौर वधायक दिव्यराज सिंह के मार्गदर्शन में नगर परिषद सिरमौर अध्यक्ष संदीप सिंह ने सिरमौर नगर की वर्षों पुरानी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए—श्मशान घाट के निर्माण, रानी तालाब के भव्य सौंदर्यीकरण, शॉपिंग मॉल व कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण, तथा स्वच्छता व्यवस्थाओं के आधुनिकीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को नई दिशा दी है।नगर की मूलभूत सुविधाओं—पानी, सड़क, नाली, डंपिंग एरिया, कचरा वाहन—सभी को मजबूत बनाते हुए शहर के हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी है। विधायक दिव्यराज सिंह और रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के प्रेरक सहयोग से सिरमौर आने वाले वर्षों में एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और जन-केंद्रित नगर के मॉडल के रूप में उभर रहा है।



### पानी, सड़क और नालियों का 90 प्रतिशत काम पूरा

अमृत-1 एवं 2 योजना के अंतर्गत पीने के पानी की मुख्य परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है। शहर के 90 प्रतिशत हिस्सों में जलापूर्ति की स्थिति सुधर रही है। साथ ही सड़क और नालियों का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे शहर की मूलभूत सुविधाएँ मजबूत आधार पर खड़ी हैं।

**जनता की राय से तय होता विकास :** नगर परिषद ने जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए वार्ड-वार आप के द्वार नगर सरकार शिविरों का आयोजन शुरू किया गया जिसका अच्छा परिणाम समाने आया है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याएँ सुनी जाती हैं और तत्काल समाधान की दिशा में कदम उठाए जाते हैं। इस मॉडल ने नागरिकों का विश्वास बढ़ाया है और शासन-प्रशासन का संवाद सरल हुआ है। साल 2040 को ध्यान में रखकर कार्य किए जा रहे हैं। अब हमने सोचा है कि हर वार्ड का मास्टर प्लान बनाया जाएगा जिसके लिए नगर परिषद के उपयंत्री पीयूष सिंह को निर्देशित किया गया है आने वाले समय में नगर विकास के हित में कुछ कठोर निर्णय भी लिए जाएंगे। नगर विकास में कुछ समस्याएं भी बाधा बनेगी! जिसे हम सब व्यापारियों समाजसेवियों एवं बुधजीवियों एवं प्रशासन के सहयोग से दूर करने में सफलता प्राप्त करेंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है!

**बस स्टैंड, गीता भवन और पट्टा वितरण :** अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि नगर के भविष्य को बदलने वाले कई कार्य प्राथमिकता में हैं—नए बस स्टैंड का निर्माण, गीता भवन का विकास और मेन रोड पर निवासरत परिवारों को पट्टा प्रदान करना। इन कदमों से यातायात सुगम होगा, सांस्कृतिक गतिविधियों को नया केंद्र मिलेगा और सड़क किनारे रहने वाले परिवारों को सुरक्षा व सभी सरकारी सुविधाएँ मिल सकेंगी। साथ ही, पट्टा वितरण से अव्यवस्था और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

**विधायक और सांसद का महत्वपूर्ण योगदान :** सिरमौर के विकास की दिशा तय करने में दो प्रमुख व्यक्तित्वों की प्रेरक भूमिका रही सिरमौर के विधायक दिव्यराज सिंह एवं रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा उनके मार्गदर्शन और सहयोग ने नगर परिषद को हर कार्य में गति, समर्थन और स्पष्ट दिशा प्रदान की, जिससे सिरमौर में विकास योजनाएँ तेज़ी से धरातल पर उतर रही हैं। मेरी मंशानुसार नगर परिषद को विकास और सेवा कार्यों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त स्टाफ का सहयोग हमेशा मिला ! नगर की सफाई व्यवस्था हो या प्रकाश व्यवस्था अब पहले की तुलना में बेहतर है। शिकायत मिलते ही तत्काल एक्शन लिया जाता है। नगर परिषद के माध्यम से नागरिकों को प्रदान की जाने वाली समस्त सेवाओं तथा केंद्र और राज्य शासन की जन हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही।



# हरियाणा-दिल्ली सहित कई राज्यों की टीमों ने दिखाया दमखम



### खारा में कबड्डी प्रतियोगिता का दूसरा दिन रहा रोमांचक

**सेमरिया।** सेमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम खारा में स्व. लखपति सिंह (प्राचार्य) एवं स्व. कौशलेंद्र प्रताप सिंह (व्याख्याता) की स्मृति में आयोजित भव्य कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन का खेल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन देश,प्रदेश की नामी टीमों के बीच हुए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया । दूसरे दिन के खेल में पानीपत (हरियाणा), दिल्ली, मुजफ्फरनगर, रीवा, भोपाल, मैहर, गुढ़, शाहपुर, हरदुआ सहित अन्य शहरों की टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने अनुशासित खेल भावना और उच्च स्तर के प्रदर्शन से प्रतियोगिता की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मनगवां विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी बबिता साकेत रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामपुर बाघेलान के पूर्व विधायक रामलखन पटेल एवं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सामन्यव्यक पिछड़ा विभाग एवं किसान नेता कुंवर सिंह रहे। विशेष अतिथि के रूप में तहसीलदार सेमरिया राजेश तिवारी, युवा नेता प्रमोद शर्मा (आम आदमी पार्टी) शामिल हुए। इसके अलावा पूर्व प्राचार्य उमेश प्रताप सिंह, पार्वती आईटीआई के संचालक अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, मानवेन्द्र सिंह, शेर, संदीप सिंह,संचालक दिलराज पटेल,कुशवार सरपंच गुड्डू सिंह, जगदीश सिंह, डॉ. गैबी सिंह, चंद्रशेखर सिंह, शेषपाल सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे मुख्य, विशिष्ट एवं विशेष अतिथियों ने खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कबड्डी को मिट्टी से जुड़ा पारंपरिक खेल बताया और कहा कि ग्रामीण अंचल में इस स्तर की प्रतियोगिता पहली बार देखने को मिल रही है। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आयोजक गुलाब सिंह एवं उनकी पूरी टीम प्रशंसा की पात्र है। सीमित संसाधनों में इतना भव्य आयोजन किया कार्यक्रम के दौरान गांव के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति के साथ भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## बिना फीडिंग के धान उठाव न कराए प्रशासन : शिव सिंह

**त्योंथर।** त्योंथर तहसील के परसिया धान खरीदी समिति क्रमांक 1 में विगत 7 एवं 8 जनवरी को 41 किसानों की 3935 क्विंटल धान की तौलाई की गई थी तथा एक किसान स्लॉट कैंसिल कराकर 44 क्विंटल धान चंद्रपुर ले जाया गया। संयुक्त किसान मोर्चे के नेता शिव सिंह ने बताया कि 41 किसानों की धान की तौलाई किए दो सप्ताह पूरे हो रहे हैं लेकिन अभी तक किसानों की धान पोर्टल में दर्ज नहीं कराई जा सकी। मोर्चे के नेता दिनेश सिंह एवं हरिशंकर सिंह की अगुवाई में जारी धरने के दौरान जब किसान इस बात पर अड़ गए कि बिना फीडिंग के कोई धान समिति से बाहर नहीं जाएगी, तब मौके पर पहुंचे प्रशासन के लोगों से यह बात हुई की जिन किसानों की धान पोर्टल में दर्ज हो चुकी है, उन लोड ट्रकों को जाने दिया जाए जिससे उन किसानों का पैसा न रुके ऐसे ट्रैकों को जाने दिया गया। तथा जिन किसानों का धान पोर्टल में दर्ज नहीं हुआ था, कलेक्टर रीवा ने उनसे दो दिन का समय मांगा था। धरना के दौरान किसानों को प्रशासन द्वारा पत्र क्रमांक 54 / खाद्य/ उप/ 2026 एसडीएम त्योंथर द्वारा हस्ताक्षरित दिया गया था। मोर्चे के नेता शिव सिंह ने कहा कि प्रशासन एवं समिति के लोग किसानों का हजारों क्विंटल धान बिना फीडिंग के उठाव कराने की तैयारी में लगे हुए हैं। एसकेएम ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि जिला प्रशासन खुलेआम किसानों के साथ अन्याय न करें अन्यथा आंदोलन को मजबूर होना पड़ेगा।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ग्राम इकाई का गठन

**सिरमौर।** ग्राम फरहद में जगन्नाथ सिंह के घर में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की ग्राम इकाई समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों के समक्ष ग्राम इकाई अध्यक्ष पद हेतु बद्री प्रसाद मिश्रा को ग्राम इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तथा इनकी अध्यक्षता में आम ग्राम इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष भक्त प्रहलाद एवं ब्लॉक अध्यक्ष सिरमौर बैजनाथ शुक्ला एवं ग्राम इकाई हर्दीकला के अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य कृषक गण उपस्थित रहे। तत्पश्चात् भक्त प्रहलाद जिलाध्यक्ष के द्वारा संगठन की रीति निति की जानकारी दी गई। बैठक में चर्चा के दौरान किसानों के द्वारा जानकारी दी गई कि बिजली आए दिन बन्द रहती है मुश्किल से 2 से 3 घन्टे रहती है। एवरेज के नाम पर घरेलू बिल मनमानी 1500 से 2000 रूपये प्रतिमाह बिल भेजा जा रहा है जिससे किसानों व आम उपभक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। विद्युत विभाग का यही रवैया रहा तो किसानों को मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से



भक्त प्रहलाद सिंह जिला अध्यक्ष रीवा, बैजनाथ शुक्ला अध्यक्ष ब्लाक इकाई सिरमौर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष ग्राम इकाई हर्दीकला, मनमोहन त्रिपाठी उपाध्यक्ष ग्राम इकाई उमरी, अनूप कुमार सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्यध, बदी प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष ग्राम इकाई अध्यक्ष फरहदा, अभिमन्यु द्विवेदी, रमेश पाण्डेय, रामनरेश मिश्रा, विजय सिंह, अजय कुशवाहा, रोहिणी प्रसाद द्विवेदी, अम्बिका प्रसाद, संजीव कुमार द्विवेदी, रामराज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के नाम अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन



**त्योंथर ब्यूरो।** त्योंथर तहसील के विकास को लेकर अधिवक्ता संघ त्योंथर द्वारा सदैव विभिन्न मांग पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराने का कार्य किया जाता रहा है कि त्योंथर का विकास कैसे हो उसी कड़ी में अधिवक्ता संघ त्योंथर के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी पंडित ब्रम्ह नारायण शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 16 सूत्रीय मांग पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व त्योंथर पीएस त्रिपाठी के अनुपस्थित में तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ल को सौंपा गया। बाद में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि त्योंथर तहसील उत्तर प्रदेश की सीमावर्ती तहसील है जो प्रयागराज एवं चित्रकूट जिले को जोड़ती है जिसका ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व रहा है। त्योंथर तहसील खनिज सम्पदाओं एवं भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जहां पर जीवन दायिनी नदियां हैं और मध्य प्रदेश का प्रवेश द्वार भी त्योंथर है। तहसील मुख्यालय से रीवा की दूरी लगभग 100 किमी जिले के अन्तिम छोर पर स्थित होने के कारण त्योंथर व्यापक विकास की राह जोह रहा है। अन्य विभिन्न मांगों में त्योंथर में अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना अविलम्ब कराई जाय । त्योंथर एवं जवा तहसीलों को मिला कर त्योंथर को जिला बनाया जाय। औद्योगिक क्षेत्र घूमा घटेहा घुसरूम में उद्योग की स्थापना को गति प्रदान किया जाय, व्यवहार न्यायालय तथा एडीजे न्यायालय का भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है मल्टीस्टोरी में भवन निर्माण कार्य कराया जाय, सीएम राइज स्कूल के मैदान में स्टेडियम का निर्माण कार्य कराया जाय, खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान की जाय, जवा तहसील में न्यायिक मजिस्ट्रेट की स्थापना कराई जाय, अस्पताल के अधूरे निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराया जाय एवं महिला चिकित्सक की नियुक्ति अविलम्ब कराई जाय, रीवा से प्रयागराज वाया त्योंथर होते हुए रेल मार्ग का निर्माण कराया जाय, सतना से हरदुआ चिल्ला चाकघाट नेशनल हाईवे मार्ग की स्वीकृति दिलाई जाय, रायपुर सोनौरी डभौरा को तहसील का दर्जा प्रदान किया जाय, नेशनल हाईवे 30 सोहागी टोल से त्योंथर मार्ग बनाया जाय जिससे सोहागी पहाड़ की दुर्घटना को रोका जा सके। त्योंथर में लड़कियों की शिक्षा के लिए कन्या महाविद्यालय की स्थापना रायपुर गढ़ी कटरा में महाविद्यालय की स्थापना कराई जाय, उप जेल त्योंथर की महिला बैरक चालू कराया जाय, त्योंथर पुलिस चौकी एवं गढ़ी रायपुर सोनौरी को थाना का दर्जा प्रदान किया जाय, बघेड़ी चौराहा मंत्री चौराहा चाकघाट राजमार्ग पर ओवर पुल का निर्माण कार्य कराया जाय, चौरा चाट का निर्माण कार्य पूर्ण कराने में गति प्रदान किया जाय जैसी विभिन्न मांगों का उल्लेख है। ज्ञापन सौंपने में अरुणेंद्र तिवारी कृष्ण जी तिवारी रियाजउद्दीन खां रवि पाठक क्षितिज मिश्रा अधिवक्ता श्याम विहारी तिवारी विद्यासागर शुक्ला बच्चा शुक्ला रमेश द्विवेदी रिसदा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम पकरा में सम्पन्न

**मऊगंज ब्यूरो।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती पखवाड़े के अवसर पर ग्राम पंचायत पकरा विकास खण्ड मऊगंज में नवांकुर संस्था ग्राम विकास सेवा समिति मऊगंज द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार तथा विकासखण्ड समन्वयक अजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संतोष सिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मऊगंज तथा अध्यक्षता राजेश पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मऊगंज द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि श्रीनिवास पाण्डेय पकरा, समयलाल कोल, जनपद सदस्य ललिता कुशवाहा सरपंच उपस्थित रही। नवांकुर संस्था प्रमुख श्रीनिवास त्रिपाठी ग्राम विकास सेवा समिति तथा पूजा मिश्रा परामर्शदाता व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी रमानिवास पाण्डेय ने किया। उक्त अवसर पर माया गुप्ता, शिवशंकर श्रीवास्तव, प्रदीप कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। सौम्या पाण्डेय द्वारा नशामुक्ति एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था प्रमुख श्रीनिवास त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।। आभार प्रदर्शन प्रदीप कुशवाहा अध्यक्ष प्रस्तुटन समिति पकरा द्वारा किया गया।

### न्यूज कार्नर

## ऑपरेशन उत्तरदायित्व' चलायेगा जिला निर्माण संघर्ष परिषद



**नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जन्मदिवस 23 से चलेगा अभियान**

**मऊगंज ब्यूरो।** जिला विकास संघर्ष परिषद मऊगंज द्वारा 23 जनवरी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जन्मदिवस से जिला मऊगंज में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके दायित्व का बोध कराने हेतु जन अभियान के तहत 'ऑपरेशन उत्तरदायित्व' चलाया जायेगा। जिसकी शुरुआत के प्रथम चरण में 23 को श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर मऊगंज के परिसर में सुबह 10:30 से श्रीराम चरित मानस के सुन्दरकांड का गायन पाठ होगा। आरती उपरांत बसंत पंचमी के पावन पर्व पर फगुआ का गायन किया जायेगा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में अपरान्ह 04 बजे दिन में जिला कलेक्टर मऊगंज को आग्रह पत्र सौंपा जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये परिषद के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम हेतु तैयारी बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है। कार्यक्रम के प्रभारी पं. केशव प्रसाद मिश्र पूर्व शिक्षक व समाजसेवी मऊगंज व सह प्रभारी संतोश अवधिया बबलू होंगे। कार्यक्रम के संयोजक हरिहर प्रसाद शुक्ल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मऊगंज व सह संयोजक पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ मऊगंज व पूर्व पार्षद विक्रम सिंह बनाये गये हैं। परिषद् के संयोजक ने सभी आमंत्रित सदस्यों से अपनी सहभागिता आयोजन में निभाने का आग्रह किया है।

## आपदा राहत समिति बरहटा द्वारा द्वारा कंबल वितरण

**मऊगंज ब्यूरो।** आपदा राहत समिति बरहटा द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीनानाथ मिश्र के नेतृत्व में ग्राम बरहटा एवं सिविल हास्पिटल मऊगंज में गरीब, विकलांगों तथा निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किये गये। ग्राम बरहटा में अर्जुन सिंह एवं नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लक्ष्मी सिंह, संजय सिंह, बृजभूषण मिश्रा, किशोरी लाल पटेल, मनोज चतुर्वेदी, अवधेश चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं सिविल हास्पिटल मऊगंज में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के संरक्षक दीनानाथ मिश्र के द्वारा विशिष्ट अतिथि रविदत्त सिंह, नरेन्द्र सिंह, सीएमओ मऊगंज एवं डाक्टरों की उपस्थित में ठंड से बचाव हेतु निराश्रितों को कंबल वितरित किये गये।

## सोहागी कॉलेज में स्काउट-गाइड कैम्प का आयोजन



**सोहागी।** कॉलेज खटिया में बी.एड./ डी. एल. एड. के छात्रों का स्काउट-गाइड कैम्प 19 जनवरी से चल रहा है। प्रशिक्षक कन्हैया लाल द्वारा छात्रों को अनेक विधाओं की जानकारी दी जा रही है। आपत्ति के समय समाज सेवा व सहयोग के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. अमित ओझा, प्राचार्य डॉ. श्रीलाल दीपांकर व अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में कैम्प संचालित हो रहा है। प्रातः 10:30 बजे चेयर मैन डॉ. रघुराज सिंह द्वारा ध्वजारोहण के बाद स्काउट-गाइड की समाज में उपादेयता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

## गुढ़ में भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारियों की संयुक्त बैठक



**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने भागवत पैलेस गुढ़ में भाजपा मण्डल और भाजपा मण्डल महसाव की संयुक्त बैठक ली। बैठक में एस आई आर की समीक्षा की गई और अंतिम बचे दो दिवस में शत-प्रतिशत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बीजेपी रीवा के जिला मंत्री बाबूलाल यादव, भाजपा मण्डल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता, महसाव मण्डल के प्रभारी अरुण सिंह गहरवार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कपूर चंद्र सोनी, मण्डल महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, मण्डल उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, अनिल सिंह गहरवार, बी. के. पाण्डेय, रामायण प्रसाद मिश्रा, मोतीलाल तिवारी, रघुनाथ पटेल, विधानसभा आईटी प्रभारी राजबहोर कुशवाहा, दिलीप पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, विजय विश्वकर्मा, शैलेंद्र बंसल, रोहित तिवारी, बाबूलाल ताम्रकार, जयराम कुशवाहा, रक्षारानी पटेल सहित एसआईआर से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले

### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का जनपद जवा में हुआ शुभारंभ

**जवा ब्यूरो।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का विधिवत शुभारंभ जनपद पंचायत जवा के सभागार मे किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य शासन के 02वर्ष पूरे होने के अवसर पर जन-कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और प्रचार प्रसार करना है।स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के अवसर पर जनपद स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यशाला का आयोजन जनपद सभागार जवा में जनप्रतिनिधियो के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा किया गया इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं एवं छात्राओं में राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक सहभागिता, शिक्षा, जल संरक्षण और ग्राम विकास के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना रहा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, अध्यक्षता मुख्य कार्यापालन आधिकारी जनपद पंचायत जवा, सुलाभ सिंह पुशाम विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिध संजीव सिंह , वरिष्ठ पत्रकार मनोज शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता भूपनारायण मिश्रा युवा समाजसेवी हरगोविन्द द्विवेदी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि विनय सिह ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात मनरेगा प्रभारी नागेन्द्र सिंह ने विषय प्रवेश करते हुऐ ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत चर्चा की तथा उपस्थित छात्राओं के उवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक प्रतिनिध संजीव सिंह ने जल संरक्षण विषय पर प्रभावी विचार रखे। उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और ग्राम स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक योजनाओं को विस्तार से बताया जिससे छात्र-छात्राओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और मेहनत की भावना विकसित हो। नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि विनय सिह ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त पहल है।कार्यक्रम मे धीरज गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, प्रदीप उपाध्याय, पुष्पराज सिंह, उदयराज सिह, चैतन्य मिश्रा, पंकज द्विवेदी, मनीष द्विवेद्वी, नवीन शाहू, रविशंकर तिवारी, बालेन्द सिंह, सच्चितानंद पाडेय, वैभव कुमार केसरनवानी, विकास केशरवानी, मनोज कुमार,वर्षा द्विवेद्वी, सूर्यकांत द्विवेद्वी,नरेश तिवारी, दो सहित सैकड़ौ लोग उपस्थित रहे ।

